आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बृहस्पतिवार 08.05.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारत ने पाकिस्तान को दिया क़रारा जवाब, 15 भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश को किया नाकाम।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की।
- उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, छह लोगों की मृत्यु।
- मौसम विभाग ने 11 मई तक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

भारतीय सशस्त्र बल

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह पता चला है कि लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्प्रभावी कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की कार्रवाई पाकिस्तान के समान ही तीव्रता के साथ उसी क्षेत्र में रही है।

पाकिस्तान ने कल रात ड्रोन और मिसाइलों से अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें इंटिग्रेटिड काउंटर यूएएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्प्रभावी कर दिया। इन हमलों के कारण, बिखरे मलबे कई स्थानों पर मिल रहे हैं, जिससे पाकिस्तान के हमलों की पुष्टि होती है।

ऑपरेशन सिंदूर पर अब से कुछ देर पहले ही एमईए ने प्रेस कॉफ्रेंस कर जानकारी दी।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें उन्होंने परिचालन निरंतरता और संस्थागत परिवर्तनशीलता को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालय की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री ने सचिवों को अपने–अपने मंत्रालय के संचालन की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों के पूरी तरह सुरक्षित तरीके से कामकाज को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के संवेदनशील दौर से गुजरने के दौरान निरंतर सतर्कता, संस्थागत तालमेल और स्पष्ट संचार का आह्वान किया।

ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुई इस बैठक में विभिन्न दलों के कई नेता शामिल हुए। श्री सिंह ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बारे में उन्हें जानकारी दी। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

झूठी खबरें

पाकिस्तान और पाक अधिकृत जम्मू और कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले ने पाकिस्तान को हताश कर दिया है और वह झूठी खबरें तथा गलत सूचनाएँ फैलाने का सहारा ले रहा है। पाकिस्तान की तरफ से शानदार सैन्य जीत और वीरतापूर्ण जवाबी कार्रवाई की मनगढ़ंत कहानियाँ चलाई जा रही हैं। यह मीडिया को गुमराह करने, तथ्यों को तोड–मरोड कर पेश करने और जनता की धारणा में हेरफेर करने के पाकिस्तान के जानबूझकर किए जा रहे प्रयासों को दर्शाता है। एक रिपोर्ट.....

ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर से प्रदेशभर में उत्साह का माहौल है। राज्य के पूर्व सैनिकों और स्थानीय नागरिकों ने सेना के इस ऑपरेशन की सराहना की है। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड– उपनल के कुमाऊं मंडल के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान की कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है।

हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में आज सुबह एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार छह लोगों की मृत्यु हो गई है। इस दुर्घटना में घायल एक यात्री को एयर एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन, चिकित्सा व अन्य आपदा राहत दलों ने मौके पर राहत और बचाव कार्य पूरा कर लिया है।

आपातकालीन परिचालन केंद्र, के अनुसार हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 07 यात्री सवार थे, जिनमें से 3 यात्री मुंबई, 1 उत्तर प्रदेश के बरेली, 1 आंध्र प्रदेश और 1 गुजरात के बडोदरा का बताया जा रहा है। हेलीकॉप्टर ने सुबह देहरादून के सहस्त्रधारा से उड़ान भरकर यात्रियों को खरसाली हैलीपैड पर उतारा गया। उसके बाद हेलीकॉप्टर खरसाली से अन्य यात्रियों को लेकर झाला–हर्षिल हैलीपैड के लिए रवाना हुआ। इस बीच यह घटना घटित हुई।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायल व्यक्ति को हर संभव सहायता प्रदान करने और दुर्घटना की जांच के निर्देश भी दिए हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज से 11 मई तक प्रदेश के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि इस अवधि में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। वहीं राजधानी देहरादून में कहीं–कहीं तेज हवा के साथ बारिश हुई।

चारधाम सुरक्षा

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। इस बीच, भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश पुलिस ने व्यापक प्रबंध किए हैं। आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत में पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चारधाम और यात्रा मार्गों पर छह हजार पुलिस कर्मियों के साथ ही अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है।